**बिहार सरकार**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**पत्रांक** 286067
ग्रा०वि०15(स्वच्छता)-11/2019

**दिनांक** 04/09/2020

प्रेषक,

**अरविन्द कुमार चौधरी,**भा०प्र०से०,
प्रधान सचिव
ग्रामीण विकास विभाग, बिहार।

सेवा मे,

**सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष ।**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।
(अरवल, जहानाबाद, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा एवं शिवहर जिलों को छोड़ कर)।

**विषय:** **'गरीब कल्याण रोजगार अभियान'अंतर्गत लक्षित सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण कार्य 25 अक्टूबर,2020 तक पूर्ण करने के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त के संबंध में आप अवगत हैं कि 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' अन्तर्गत सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण कार्य का कार्यान्वयन दिनांक 20 जून,2020 से 25 अक्टूबर,2020 तक किया जाना है। अभियान अन्तर्गत कई जिलों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' अन्तर्गत कुछ जिलों में सामुदायिक स्वच्छता परिसर के लक्ष्य के विरूद्ध अभी भी या तो पर्याप्त संख्या में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की स्वीकृति नहीं प्रदान की गयी है या स्वीकृति के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है एवं राशि हस्तांतरित नहीं की गई है । जिलावार सामुदायिक स्वच्छता परिसरों से संबंधित अद्यतन प्रगति एवं लक्ष्य की विवरणी सुलभ प्रसंग हेतु संलग्न है। विदित है कि शेष 52 दिनों में 6680 सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाना है। इस लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु जिला स्तर पर कारगर कार्य रणनीति तैयार किया जाए, जिसमें निम्न बिन्दुओं को सम्मिलित किया जाए:-

(क) जिले के लक्षित लक्ष्य के विरूद्ध दिनांक 05.09.2020 तक पर्याप्त संख्या में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए।

(ख) जिले में स्वीकृत सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की संख्या के आलोक में 10 सितम्बर, 2020 तक सभी स्थलों पर निर्माण कार्य हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाए।

(ग) सभी निर्माणाधीन सामुदायिक स्वच्छता परिसरों को दिनांक 25.10.2020 तक पूर्ण कराते हुए Geo-Tagकराया जाए ।

(घ) सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के निर्माण में स्थानीय एवं कोरोना संकट की वजह से वापस आये मजदूरों/ राजमिस्त्रियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

उपरोक्तकार्य के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन हेतु जिला स्तर पर उपविकास आयुक्त के द्वारा प्रतिदिन समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जाय।निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति हेतु लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के राज्य ईकाई कार्यालय द्वारा भी संबंधित जिलों एवं प्रखण्डों को लगातार अनुसमर्थन एवं अनुश्रवण का कार्य किया जाएगा।

अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' अंतर्गत सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण के शत् प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी संबंधितों को निदेशित करेंगे तथा अपने स्तर से साप्ताहिक समीक्षा करते हुए ससमय लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे।

**अनुलग्नक :** यथोक्त ।

विश्वासभाजन

4/9/2020

**(अरविन्द कुमार चौधरी)**
**प्रधान सचिव**

**ज्ञापांक** 286067 **दिनांक** 04/09/2020

प्रतिलिपि : संबंधित उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष / निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/9/2020

**प्रधान सचिव**

**ज्ञापांक** 286067 **दिनांक** 04/09/2020

प्रतिलिपि : मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका-सह-मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/9/2020

**प्रधान सचिव**

## Target of GKRA CSC to be complete till 25th Oct-20

| S.No | District Name | Target under GKRA | Sanctioned with fund release as per LSBA MIS | Gap in Sanction against target | Total No. of Work started as per IMIS | CSC yet to start against target | Total No of Completed CSC as per GKRA | No of CSC pending for completion against target | No of Ongoing CSC including pending for Geo tagging as per IMIS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5=3-4 | 6 | 7=3-6 | 8 | 9=3-8 | 10 |
| 1 | MADHUBANI | 412 | 388 | 24 | 162 | 250 | 36 | 376 | 126 |
| 2 | MUZAFFARPUR | 415 | 770 | 0 | 152 | 263 | 83 | 332 | 69 |
| 3 | SIWAN | 323 | 206 | 117 | 149 | 174 | 14 | 309 | 135 |
| 4 | Patna | 322 | 171 | 151 | 122 | 200 | 23 | 299 | 99 |
| 5 | Purba Champaran | 405 | 525 | 0 | 278 | 127 | 115 | 290 | 163 |
| 6 | PASHCHIM CHAMPARAN | 315 | 304 | 11 | 179 | 136 | 28 | 287 | 151 |
| 7 | DARBHANGA | 324 | 390 | 0 | 139 | 185 | 40 | 284 | 99 |
| 8 | SARAN | 334 | 637 | 0 | 280 | 54 | 62 | 272 | 218 |
| 9 | VAISHALI | 288 | 164 | 124 | 274 | 14 | 20 | 268 | 254 |
| 10 | SITAMARHI | 270 | 66 | 204 | 87 | 183 | 4 | 266 | 83 |
| 11 | SAMASTIPUR | 381 | 615 | 0 | 397 | 0 | 139 | 242 | 258 |
| 12 | BHAGALPUR | 250 | 165 | 85 | 117 | 133 | 10 | 240 | 107 |
| 13 | NALANDA | 279 | 318 | 0 | 111 | 168 | 42 | 237 | 69 |
| 14 | GAYA | 382 | 662 | 0 | 471 | 0 | 148 | 234 | 323 |
| 15 | GOPALGANJ | 234 | 290 | 0 | 123 | 111 | 25 | 209 | 98 |
| 16 | PURNIA | 276 | 268 | 8 | 218 | 58 | 70 | 206 | 148 |
| 17 | BHOJPUR | 228 | 155 | 73 | 162 | 66 | 23 | 205 | 139 |
| 18 | BEGUSARAI | 256 | 458 | 0 | 279 | 0 | 58 | 198 | 221 |
| 19 | AURANGABAD | 210 | 65 | 145 | 122 | 88 | 15 | 195 | 107 |
| 20 | SASARAM(ROHTAS) | 245 | 398 | 0 | 391 | 0 | 51 | 194 | 340 |
| 21 | ARARIA | 218 | 118 | 100 | 199 | 19 | 32 | 186 | 167 |
| 22 | SUPAUL | 193 | 117 | 76 | 104 | 89 | 14 | 179 | 90 |
| 23 | BANKA | 185 | 137 | 48 | 108 | 77 | 20 | 165 | 88 |
| 24 | NAWADA | 187 | 88 | 99 | 178 | 9 | 32 | 155 | 146 |
| 25 | BUXAR | 142 | 81 | 61 | 99 | 43 | 5 | 137 | 94 |
| 26 | KAIMUR(BHABUA) | 159 | 189 | 0 | 195 | 0 | 22 | 137 | 173 |
| 27 | MADHEPURA | 170 | 329 | 0 | 178 | 0 | 36 | 134 | 142 |
| 28 | KATIHAR | 236 | 373 | 0 | 235 | 1 | 105 | 131 | 130 |
| 29 | JAMUI | 163 | 243 | 0 | 166 | 0 | 59 | 104 | 107 |
| 30 | KHAGARIA | 149 | 136 | 13 | 107 | 42 | 52 | 97 | 55 |
| 31 | SAHARSA | 181 | 127 | 54 | 161 | 20 | 90 | 91 | 71 |
| 32 | KISHANGANJ | 156 | 252 | 0 | 236 | 0 | 176 | 0 | 60 |
| | **Total** | **8288** | **9205** | **1393** | **6179** | **2510** | **1649** | **6659** | **4530** |

4/9/2020